

# मॉडल रेट से सोयाबीन उत्पादकों की चांदी

- जिले के अधिकतर सोयाबीन उत्पादकों को मिलेगा लाभ
- 39 हजार से अधिक किसानों ने कराया था पंजीयन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 7 नवंबर. राज्य शासन ने शुक्रवार को सोयाबीन का भावांतर योजना के तहत मॉडल रेट तय कर दिया है. राज्य स्तर पर मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल तय कर दिए जाने पर अब केन्द्र सरकार द्वारा तय मॉडल रेट के बीच के अंतर की राशि लगभग 1308 रुपए किसानों को मिलेगी. इस बार किसानों को कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन का अपेक्षाकृत अच्छा भाव मिला है. नतीजतन भावांतर योजना ने एक तरह से किसानों की चांदी कर दी है.**

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने शुक्रवार को सोयाबीन का भावांतर योजना में मॉडल रेट तय कर दिया गया है. अब केंद्र सरकार द्वारा तय किए 5328 रुपए प्रति क्विंटल और सरकार द्वारा तय किए मॉडल रेट 4020 रुपए के बीच के अंतर का फायदा किसानों को मिलेगा. इस बार मंडियों में किसानों को सोयाबीन का अच्छा भाव मिला है. केवल उस उपज को कम रेट मिला है जो या तो खराब हो गई थी या फिर किन्हीं कारणों से दाना बोल्ड नहीं था.

किसानों को उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को अतिरिक्त 1308 रुपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे.

### मंडियों में 6 नवंबर तक हुई कुल खरीदी के आंकड़े

**आष्टा मंडी:** यह जिले की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी है. यहां पर 12 हजार 792 किसानों ने भावांतर योजना में पंजीयन कराया था. इसमें से 6 नवंबर तक 3256 किसान उपज विक्रय कर चुके हैं. भावांतर पर उपज विक्रय करने वाले किसानों की संख्या 3001 बताई गई है. इन किसानों ने 45981 क्विंटल उपज विक्रय की. संभवत: इन किसानों में से 2200 से अधिक किसान ऐसे हैं जिनकी उपज मॉडल रेट से अधिक में विक्रय हुई है. इसलिए इन सभी को इस योजना का फायदा मिलेगा.

**सीहोर कृषि उपज मंडी:** सीहोर मंडी की बात करें तो यहां पर 6 नवंबर तक 2395 किसानों ने अपनी उपज को भावांतर में बेचा है. इन किसानों से 40 हजार 700 क्विंटल उपज खरीदी गई है. यह माना जा रहा है कि सीहोर मंडी में भी करीब 1800 से अधिक किसान ऐसे होंगे जिन्हें इस योजना में फायदा मिलेगा. सीहोर मंडी में भी अभी तक सोयाबीन का भाव किसानों को अच्छा मिला है. मंडी सचिव नरेंद्र कुमार महेश्वरी ने बताया कि इस बार सोयाबीन उत्पादक किसानों को उपज का अच्छा रेट मिला है जो मॉडल रेट से ज्यादा है.

**इछावर कृषि उपज मंडी:** इछावर में भी किसानों ने सोयाबीन उपज को भावांतर में विक्रय किया है. यहां पर 442 किसान उपज लेकर पहुंचे थे जिन्होंने सोयाबीन विक्रय किया. इनसे 6651 क्विंटल उपज क्रय की गई है। यह माना जा रहा है कि इस मंडी में भी करीब 400 से अधिक किसान ऐसे हैं जिनकी उपज 4000 हजार रुपए से अधिक में विक्रय हुई है. इस तरह इन सभी किसानों को इसका फायदा मिलेगा.

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु कार्यशाला

**खिरकिया** ।मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर आज भाजपा मंडल खिरकिया मैं कार्यशाला का आयोजन रखा गया इस कार्यशाला में जिले के पूर्व जिला महामंत्री देवी सिंह सांखला, जिला आईटी सेल प्रभारी गौरव, जिला उपाध्यक्ष सुधीर सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता आदरणीय शंकर सिंह खरवड़िया, शैतान सिंह राजपूत, विजय सोमानी, नितिन गुप्ता, सतनारायण गौर, सुरेंद्र आठनेरे, फूलबाई उईके, मंडल महामंत्री हेमंत राजपूत ,लखन मंडराई, मंडल उपाध्यक्ष उमेश गीते नारायण विश्नोई ,राजेश गुप्ता, उत्तम तिवारी ,आनंद गौर ,सोनू तिवारी, ज्ञानीराम महाजन, राजकुमार कड़वाल ,भगतराम धनगर अन्य के मार्गदर्शन से संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर विरोध प्रदर्शन

## शहर में अधूरे पड़े नालों और सड़कों पर पहुंचे कांग्रेसी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 7 नवम्बर, शहर में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों एवं समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया. इस मौके पर कांग्रेसी कार्यकर्ता शहर में अधूरे पड़े नालों एवं सड़कों पर पहुंचे. जहां पर उन्होंने शहर में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों का विरोध प्रदर्शन करते हुए तत्काल इन निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने की मांग की. इस दौरान कांग्रेसियों ने कई गंभीर आरोप भी लगाये.**

शहर में शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता वार्ड 2 पालीवाल कॉलोनी क्षेत्र में पहुंचे. जहां पर उन्होंने मुख्य सड़क किनारे बने नाला पर अगरबत्ती लगाकर नारियल फोड़कर लोकार्पण कर विरोध प्रदर्शन किया. इस मौके पर



कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी भी की. इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि यह नाला कई दिनों से अधूरा पड़ा है. इस नाले के निर्माण के कारण स्थानीय रहवासी परेशान हो रहे हैं. नाले के कारण स्थानीय रहवासियों के मकान में पानी भर रहा है. इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस सिरोंज के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि पालीवाल कॉलोनी का यह मार्ग व्यस्ततम मार्ग है, जहां पर आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है. पालीवाल कॉलोनी में सड़क किनारे बने इस नाले के कारण स्थानीय रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. नाले के कारण कई रहवासियों के घरों में पानी भर रहा है. जिससे मोहल्ले के रहवासी परेशान है. उन्होंने कहा कि शहर में कई नालों का निर्माण अधूरा पड़ा है. इन अधूरे नालों के कारण जनता परेशान हो रही है. लेकिन जनता की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. वहीं शहर में कई सड़कें अधूरी पड़ी है. जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपालिका आये दिन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करा रही है, लेकिन पुराने अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने की ओर ध्यान नहीं दे रही है.

> यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. शहर में जनता अधूरे निर्माण कार्यों से परेशान हो रही है. उन्होंने मांग की है कि नगरपालिका को इन अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को तत्काल पूर्ण कराना चाहिए. उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से शहर में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की. वहीं कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि भाजपा विकास के खोखले दावे कर रही है.



# मप्र रघुवंशी समाज में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, नरेंद्र सिंह रघुवंशी गुड्डा के पक्ष में रघुवंशी समाज ने एक जुट होकर आवाज उठाई. समाज के लोगों ने कहा उन पर झूठा प्रकरण कायम किया है.प्रकरण को वापस लेने की मांग की जा रही है.**

विदिशा के भाजपा नेता विमल तारण की बीच सड़क पर संजय नामदेव नमक व्यक्ति ने गालों पर थप्पड़ों से पिटाई की. श्री तारण ने इस षड्यंत्र के पीछे एक भाजपा नेता का नाम लिया और पुलिस को सारी स्थिति से अवगत कराया. पुलिस ने यह तहकीकात की आरोपी संजय नामदेव ने किसके कहने पर यह सब किया संभवत: संजय ने ही नरेंद्र रघुवंशी गुड्डा का नाम पुलिस को बताया होगा. जबकि फरियादी एडवोकेट विमल तारण द्वारा गुड्डा रघुवंशी का नाम नहीं लिया.इसी आधार को लेकर रघुवंशी समाज एकजुट हुई और ज्ञापन दिया.

# बैंक की कार्रवाई बनी विवाद का केंद्र

## अधिकारियों के जवाब से असंतोष, दूसरे दिन भी बैंक गेट पर दिया धरना

नवभारत न्यूज

**गुना 7 नव. का। शहर के बांसखेड़ी रेलवे फाटक क्षेत्र में पीएम आवास पर केनरा बैंक द्वारा किए गए ताला लगाने की कार्रवाई का विवाद शुक्रवार को और बढ़ गया। दूसरे दिन सुबह सबसे पहले पीड़ित परिवार तहसीलदार कार्यालय पहुंचा और मामले की जानकारी देते हुए कहा कि बैंक ने बिना स्पष्ट सूचना और ऋण खाते की पारदर्शी जांच के बिना जबरन घर पर ताला लगाया है।**

इस पर तहसीलदार ने बैंक अधिकारियों को तलब किया और पीएम आवास की सब्सिडी व ऋण खाते का लेन-देन विवरण प्रस्तुत करने को कहा।



उल्लेखनीय है कि गुरुवार को बैंक ने न्यायिक आदेश के आधार पर पीएम आवास को सील किया था। जबकि परिवार का कहना है कि वर्ष 2020 में उन्हें पीएम आवास की सब्सिडी स्वीकृत होने की सूचना मिली थी, लेकिन बैंक ने उसका स्पष्ट लेखा-जोखा नहीं दिया। परिवार का यह भी कहना है कि बकाया राशि की गणना में भारी अंतर है और वह पारदर्शी जांच के बाद ऋण चुकाने के लिए तैयार हैं। पीड़ित परिवार की एक ही मांग है पहले ऋण और सब्सिडी का सही विवरण दें, उसके बाद वह भुगतान करने को तैयार हैं।

लेकिन बैंक अधिकारी लगातार समय लेने की बात कहते रहे और कुछ देर बाद तो मुख्य अधिकारी मौके से चुपचाप निकल गए। तहसीलदार ने परिस्थिति को देखते हुए पीड़त परिवार से कहा कि वह अपनी बात एडीएम के समक्ष भी रखें।

## अवैध कब्जे के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

**नवभारत न्यूज पलेरा।** बजरंग दल पलेरा ने गौचर भूमि पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे के खिलाफ विशाल आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। दो माह पहले तहसीलदार पलेरा को दिए गए ज्ञापन में बजरंग दल ने गौचर भूमि मुक्त कराने की मांग की थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बजरंग दल प्रखंड संयोजक राजेंद्र राय ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया जाएगा और गौचर भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले दो हफ्ते से बजरंग दल पलेरा द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गोसेवकों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है.

# दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट

## शराब पार्टी के दौरान किये फरसे से कई वार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र मंदसौर मिल में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक दोस्त ने दोस्त पर फरसे से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसने दमतोड़ दिया।**

मारपीट के बाद हुई हत्या की जानकारी लगने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश शुरू की गई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विक्की पुत्र नरेश बाल्मीक मोहल्ले में ही बैठकर



पार्टी कर रहे थे, इसी बीच गोलू मीना आया और पीछे आकर उस फरसे से हमला कर दिया। जिससे वह लहू लुहान होकर वहीं गिर गया। बताया जा रहा है कि आरोपी द्वारा मृतक के सिर पर कई बार किए गए। जिससे उसके सिर में काफी गहरी चोटे आई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लाए, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई लखन बाल्मीक ने बताया कि उनके और गोलू मीन का कुछ दिन पूर्व विवाद हो गया था, जिसके चलते वह पुरानी खुन्नस मन में बैठाए हुए थे, जिसके चलते उसने अचानक से उस पर हमला बोल दिया, जिसमें उनके भाई की जान चलीं गई।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव, हाथ पर 'रघुराज' नाम का टैटू

**गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र में खेजरा रेल फाटक के पास गत देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। मृतक की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है, जिसके चलते पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रूम में रखवा कर शिनाख्त की प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं।**

घटना को लेकर आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 10-30 बजे रेलवे ट्रैक पर शव होने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। सूचना पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक का शरीर बुरी तरह कट चुका था, सिर अलग मिलने से आत्महत्या का संदेह गहरा रहा है। हालांकि पुलिस ने यह स्पष्ट किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वास्तविक परिस्थितियां तय हो सकेंगी।

मृतक की उम्र 25 वर्ष बताई जा रही है। उसके एक हाथ पर अंग्रेजी में रघुराज नाम टैटू गुदा हुआ है, जो उसकी पहचान में अहम सुराग साबित हो सकता है। घटना के समय युवक ने नीले रंग का लोअर और सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी। पुलिस आसपास के थानों सहित गांवों और शहरों में लापता व्यक्तियों की सूची मिलान कर रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी मृतक की पहचान साझा कर जानकारी जुटाई जा रही है।

### एक नजर में



## खेल भावना, एकता और विकास का संगम

**श्यामपुर.** ग्राम पंचायत खजूरिया खुर्द एवं ग्राम पंचायत कादमपुर में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा की उपस्थिति में किया गया. खेल महोत्सव शुभारंभ के मौके पर खिलाड़ियों के आग्रह पर सांसद आलोक शर्मा ने खेल मैदान के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की. यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को आगे बढ़ने की नई दिशा प्रदान करेगा. खेल महोत्सव में बच्चों ने उत्साह और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया. वहीं ग्रामवासियों की सहभागिता ने माहौल को ऊर्जा और उमंग से भर दिया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह जाट, अहमदपुर मंडल मंत्री कुलदीप सिंह राजपूत, रघुवर सिंह, रामसिंह नेता, आयुष, सरपंच प्रतिनिधि हरिसिंह प्रजापति, महेश गौर तथा समस्त ग्रामीण व बालक-बालिकाएं उपस्थित थे.

## रागिनी और भूमि खेलेंगी संभाग स्तरीय वॉलीबॉल

**विदिशा,** सैंटमैरी पी जी महाविद्यालय की रागिनी अहिरवार एवं भूमि पथरौल का संभाग स्तरीय महिला वॉलीबॉल के लिए चयन हुआ .संस्था संचालक फॉदर सिंटो प्राचार्य नलिन थपलियाल सिस्टर प्रभावित क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र नामदेव ,डॉ दिनेश शाह, डॉ गिरीश सुरजन एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी.




## हॉकी इंडिया का शताब्दी समारोह मनाया गया

**सागर.** हॉकी इंडिया केशताब्दी समारोह के तहत जिला हॉकी संघ द्वारा खेल परिसर स्थित एस्ट्रो टर्फ मैदान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन और जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी रहे. विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए. समारोह में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी 70 वर्ष के मुन्ना मास्टर राजीव श्रीवास्तव, अजीम खान, मनीष नेमा, गोपीलाल यादव, उमेशचंद्र मौर्य, नफीस खान, मोहम्मद इरशाद, गोलू भाईजान, मेराज खान, आलोक श्रीवास्तव शामिल रहे. जिला हॉकी संघ के सचिव मकसूद खान ने आभार व्यक्त किया.

## सृजन साहित्य कुंज की बैठक संपन्न

**बैतूल।** सृजन साहित्य कुंज की बैठक इंडियन कॉफी हाउस में संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रम आसावरी 2025 पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पुराने और नए सदस्यों ने हिस्सा लिया। यह संस्था विगत 18 वर्षो से संचालित जिले में एकमात्र महिलाओं की साहित्यिक संस्था है और सभी लेखन कार्यो में सक्रिय हैं। आज की बैठक में संस्था का वार्षिक उत्सव आसावरी 16 नवम्बर को ब्रह्मकुमारी आश्रम में आयोजित किया जा रहा है। जिसकी रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। सखियों का काव्य पाठ और सृजन सखी विद्या निर्गुड?र के काव्य संग्रह अपराजिता का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की श्रीमती मधुबाला देशमुख, माधवी ठाकुर, विद्या निर्गुडकर, मीना चांदे, चित्रा धोटे, मीरा एंथोनी, अरुणा पाटणकर और ललिता कोसे आदि मौजूद थी। संस्था ने सभी से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।



# कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत

**बैतूल। पाढर मंडल में भाजपा ने संगठनात्मक मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को एसआईआर कार्यशाला का आयोजन किया।**

यह कार्यशाला मंडल प्रभारी आनंद प्रजापति के निर्देशानुसार, मंडल अध्यक्ष नन्दन यादव के मार्गदर्शन में तथा विधानसभा प्रभारी प्रशांत गावंडे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में बूथ स्तर पर सशक्त संगठन निर्माण की दिशा में विस्तृत चर्चा की गई और बी एल ए-2 को उनके-अपने बूथों की 2025 की वोटर लिस्ट का वितरण किया गया। विधानसभा प्रभारी प्रशांत गावंडे ने कहा कि भाजपा की असली ताकत बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं।

## आरोपी गिरफ्तार

**रहली.** थाना क्षेत्र में हुई सोने के आभूषण चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आभूषण एवं नगदी बरामद कर सफलता अर्जित की है. फिरियादिया चम्पादेवी पति सोहनलाल गुप्ता निवासी वार्ड नं. 5 रामनगरी, द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई कि उनके घर के अंदर रखी अलमारी के पास स्टील की प्लेट में रखे सोने के दो वाली तथा स्टील के डिब्बे में रखे 2,000/- रुपये अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गए हैं.मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामक्रेश पिता रामजी अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 5 रामनगरी रहली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपराध कबूल किया.

# राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर मैराथन दौड़

नवभारत न्यूज

**हरदा, 07 नवम्बर पुलिस प्रशासन एवं जिला खेल ओर युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ पर शुक्रवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।**

मैराथन दौड़ का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती शालिनी परस्ते ने हरि झंडी दिखाकर किया। रक्षित निरीक्षक श्रीमती रजनी सिंह गुर्जर ने बताया कि यह दौड़ परशुराम चौक से प्रारंभ होकर गणेश चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, सिटी कोतवाली से होते हुए जिला न्यायालय परिसर के सामने स्थित शौर्य स्मारक पर




सम्पन्न हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा एवं उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व खिलाड़ियों ने शौर्य स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सलामी दी एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने उपस्थित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की विशेषताएं बताई। उन्होंने कहा कि यह गीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं। यह गीत उनके प्रसिद्ध उपन्यास ''आनंदमठ'' का हिस्सा है। इसे भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया है।

वर्षगांठ | जिले में समारोहपूर्वक मनी राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ

# भारत वर्ष की आजादी के आंदोलन का मंत्र बना था वंदे मातरम : वर्मा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 7 नवंबर. राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ शुक्रवार को जिले में समारोह पूर्वक मनाई गई. वंदे मातरम स्मरणोत्सव समारोह पीएम एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद कॉलेज में आयोजित हुआ. मुख्यालय के साथ ही जिले में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वी वर्षगांठ कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम आजादी के आंदोलन में देशवासियों के लिए आन्दोलन का




मंत्र बना था. हमारे वीर सपूतों ने इस मंत्र का गायन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी. आजादी के आंदोलन में वंदे मातरम के गायन के माध्यम से राष्ट्र आराधना करते हुए पूर्वजों ने हमें स्वतंत्रता दिलाई.

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की वर्तमान पीढ़ी को वंदे मातरम के महत्व से अवगत कराने के लिए वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ को देश भर में समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया है. राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रहे आयोजनों से देशभर में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी. उन्होंने वंदे मातरम के रचयिता स्वर्गीय बंकिम चंद्र चटर्जी का स्मरण भी किया. विधायक सुदेश राय ने कहा कि वंदे मातरम शब्द सुनाई पड़ते या इस शब्द का उदघोष करते ही मन-मस्तिक में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत उर्जा का संचार हो जाता है. यह केवल शब्द नहीं, एक मंत्र है. कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसडीएम तन्मय वर्मा तथा गौरव सन्नी महाजन आदि उपस्थित थे.

### आष्टा में भी वंदे मातरम की वर्षगांठ पर हुए कार्यक्रम

**आष्टा.** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर नगर में कार्यक्रम आयोजित किए गए. एसडीएम नितिन कुमार टाले के नेतृत्व में वंदे मातरम का सामूहिक संपूर्ण गायन किया गया. कार्यक्रम में तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. राष्ट्रगीत गायन के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया.

## सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रहेगी बिजली कटौती

**इटारसी।** कल, शनिवार, 08 नवंबर 2025 को शहर के कई प्रमुख हिस्सों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक (चार घंटे के लिए) रहेगी। बिजली बंद रहने का मुख्य कारण 33 केवी इटारसी 1, इटारसी 2 एवं आईटीसी फीडर पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य है। मंडी क्षेत्र में पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, और पीपल मोहल्ला सब स्टेशन में 33 केवी न्यू वीसीबी इंस्टॉलेशन का महत्वपूर्ण कार्य भी होना है। इन कार्यों के चलते बूढ़ी माता सब स्टेशन, पीपल मोहल्ला सब स्टेशन, न्यास कॉलोनी सब स्टेशन, एलकेजी सबस्टेशन और ट्रैक्टर स्कीम सबस्टेशन से संचालित होने वाले समस्त फीडर प्रभावित रहेंगे।